Regarding need to encourage Coffee plantation in Kasganj, Uttar Pradesh

श्री देवेश शाक्य (एटा) : सभापति महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ । मेरे संसदीय क्षेत्र एटा कासगंज में एटा से मंडल आगरा और कासगंज से मंडल अलीगढ़ के लिए जो मुख्य मार्ग है, इस आशय के साथ फोर लेन बनवाने का अनुरोध करना चाहता हूँ कि वर्तमान समय में इन दोनों मार्गों पर अत्यधिक ट्रैफिक होने के कारण हर वर्ष इन मार्गों पर दुर्घटनाओं में कई लोगों को जान गंवानी पड़ती है ।

मेरा आपके माध्यम से सड़क एवं परिवहन मंत्री जी से आग्रह है कि इस जनहित के कार्य को इसलिए पूर्ण कराएं, क्योंकि सरकार की जो मंशा है, वे जिले से मंडल मुख्यालयों तक जुड़े हुए हैं । मैं इसे फोर लेन बनवाने का प्रस्ताव इसी बजट में करने का अनुरोध करता हूँ ।

इसके साथ-साथ मेरे संसदीय क्षेत्र कासगंज एटा के साथ फरुर्खाबाद, बदायूं, आंवला में बड़े पैमाने पर किसान चकोरी की खेती करते हैं । चकोरी से कॉफी का पाउडर बनाया जाता है । किसानों द्वारा इसकी पैदावार बहुत मेहनत एवं पैसा लगा कर की जाती है । लेकिन ठेकेदार इनकी फसल ओने-पौने दाम पर खरीदते हैं और किसानों का आर्थिक शोषण करते हैं ।

मेरा आपसे आग्रह है कि कासगंज में इसका एक बड़ा सरकारी प्लांट लगाने की कृपा करें, जिससे किसानों पर हो रहे अत्याचार पर विराम लगाया जा सके और किसानों को चकोरी का सही मूल्य दिलाया जा सके । बहुत-बहुत धन्यवाद ।